दूरभाष— 2286709
2286710

राज्य नगरीय विकास अभिकरण,उ.प्र.

नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रांक 5555/015/76/एक/2016–17 दिनांक 07 मार्च 2017

समस्त सहा0परि0 अधि0/परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा)
आगरा, लखनऊ, रायबरेली, रामपुर, कानपुर नगर, कन्नौज, फिरोजाबाद, मथुरा, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, मेरठ, अलीगढ, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी एवं वाराणसी।

विषय—**केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं को पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेन्ट सिस्टम) के माध्यम से योजनान्तर्गत अभिकरण द्वारा प्रेषित की जाने वाली धनराशि के सम्बन्ध में।**

भारत सरकार/राज्य सरकार के दिशा–निर्देशानुसार सूडा द्वारा संचालित केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं की धनराशि को पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेन्ट सिस्टम) के माध्यम से जनपदों को प्रेषित किये जाने हेतु राजीव आवास योजनान्तर्गत राज्य स्तर पर अभिकरण मुख्यालय का बचत खाता आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक मुख्य शाखा, हजरतगंज, लखनऊ में खोला गया है जिसके माध्यम से योजनान्तर्गत भारत सरकार/राज्य सरकार से प्राप्त होने वाली धनराशियों को जनपदों को प्रेषित किया जायेगा। अतः भारत सरकार/राज्य सरकार के दिशा–निर्देशानुसार जनपद स्तर पर राजीव आवास योजना का पृथक से बचत खाता खुलवाया जाना है। उक्त योजना के सफल कियान्वयन हेतु जनपद पर आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक में राजीव आवास योजना का पृथक से बचत खाता खुलवाकर अभिकरण को शाखा का नाम, खाता संख्या, आईएफएससी कोड की सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि—

1— श्री मनीष मेहरोत्रा, मुख्य प्रबन्धक, (गर्वनमेन्ट बैंकिंग), आईसीआईसीआई, बैंक, मुख्य शाखा, लखनऊ।

2— श्री विनोद कन्नौजिया, सूडा मुख्यालय को सूचनार्थ प्रेषित।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक